an>

Title:  Need to increase scholarship amount of OBC students

**श्री राजीव सातव (हिंगोली)** ः संविधान में ओ.बी.सी. समुदाय के सामाजिक और शैक्षिक विकास की परिकल्पना की गई है। एन.डी.ए. सरकार ने ओ.बी.सी. छात्रों को दिए जाने वाली छात्रवृत्ति में कटौती कर दी है, जिससे उनको आर्थिक कठिनाई हो रही है। ओ.बी.सी. समुदाय का विकास देश के विकास से जुड़ा हुआ है। एक तरफ सरकार ने ओ.बी.सी. आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का प्रस्ताव किया है और दूसरी तरफ वह छात्रवृत्ति में दिए जाने वाली राशि को कम कर रही है। यदि सरकार ओ.बी.सी. छात्रों का विकास चाहती है तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें पर्याप्त अवसर मिले और छात्रवृत्ति में वृद्धि के माध्यम से उनका विकास हो। ओ.बी.सी. छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार मिलना चाहिए, जिससे वह राऐट्र के विकास और निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मैं सरकार से आग्रह करूँगा कि वह इस विऐय का संज्ञान ले और छात्रवृत्ति में दी जाने वाली राशि को बढ़ाए।